अरविंद गोरे को प्राप्त हुआ अनुसूचित जनजाति... पृष्ठ 2 | प्रशिक्षण उपरांत मोदी जी के मिशन... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

बुधवार, 23 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 272, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

शराब घोटाला मामला : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश के बेटे चैतन्य बघेल को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को अब जेल भेज दिया गया है। ईडी रिमांड खत्म होने के बाद आज उन्हें रायपुर की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

बता दें कि ईडी ने 18 जुलाई की सुबह भिलाई स्थित बघेल निवास पर छापा मारकर चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन ही गिरफ्तार किया था। उन पर छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। मामले में पूछताछ के लिए कोर्ट ने उन्हें 5 दिन की रिमांड पर भेजा था. रिमांड खत्म होने पर आज उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। 21 जुलाई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रायपुर जोनल कार्यालय की ओर से प्रेस नोट में दी गई जानकारी के अनुसार, ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को धन शोधन निवारण अधिनियम (क्करूऊ), 2002 के तहत गिरफ्तार किया है। शराब घोटाले की जांच ईडी ने भारतीय दंड संहिता (ड्डक्रष्ट) की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर

द्वारा दर्ज एफ्क्षआईआर के आधार पर शुरू की थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस घोटाले के कारण प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2,500 करोड़ रुपये की अवैध कमाई (पीओसी) घोटाले से जुड़े लाभार्थियों की जेब में पहुंचाई गई। ईडी की जांच से पता चला है कि चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपये की पीओसी प्राप्त हुई थी। उन्होंने उक्त पीओसी को मिलाने के लिए अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल किया था। यह पता चला है कि उन्होंने पीओसी की उक्त नकद राशि का उपयोग अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के विकास में किया था। पीओसी का उपयोग उनके प्रोजेक्ट के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के खिलाफ बैंक प्रविष्टियों आदि के माध्यम से किया गया था। उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के साथ भी मिलीभगत की और अपनी कंपनियों का उपयोग एक योजना तैयार करने के लिए किया जिसके अनुसार उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने च्चिव्हलपुरम प्रोजेक्टज्ज् में फ्लैटों की खरीद की आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ रुपये प्राप्त किए। बैंकिंग ट्रेल है जो इंगित करता है कि लेन-देन की प्रासंगिक अवधि के दौरान, त्रिलोक सिंह ढिल्लों ने अपने बैंक खातों में शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त किया। इसके अलावा, उन पर शराब घोटाले से उत्पन्न 1000 करोड़ रुपये से अधिक के पीओसी (क्कष्ट) को संभालने का भी आरोप है। वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष को पीओसी हस्तांतरित करने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे। ईडी द्वारा की गई जांच से पता चला है कि इस शराब घोटाले से प्राप्त धनराशि को आगे निवेश के लिए बघेल परिवार के प्रमुख सहयोगियों को भी सौंप दिया गया था। इस धनराशि के अंतिम उपयोग की आगे जांच की जा रही है।

समन्वित प्रयासों से निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा - सड़कों पर विचरण करने वाले नराश्रित पशुओं की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करें

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर निराश्रित पशुओं की आवाजाही पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की एक प्रमुख वजह निराश्रित मवेशी हैं, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को त्वरित, ठोस और समन्वित कार्य योजना के साथ आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने पशुधन विकास, नगरीय प्रशासन एवं विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और लोक निर्माण विभाग को आपसी तालमेल के साथ जिम्मेदारी साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह समस्या शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में गंभीर है और इसके समाधान में किसी प्रकार की हिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य में संचालित गौशालाओं, गौठानों, कांजी हाउस एवं काउ-कैचर (ष्टश्व2-ष्ट्रड्डह्लष्ठद्गह्ल) जैसी व्यवस्थाओं की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने इन संस्थानों की वर्तमान उपयोगिता, क्षमता और सुधार की संभावनाओं पर भी गहन चर्चा की और सुझाव माँगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित गांवों में पशुओं के प्रबंधन हेतु प्रभावी एवं व्यावहारिक मॉडल विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईवे पर पशुओं की उपस्थिति केवल यातायात में बाधा नहीं, बल्कि जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनती है, अतः इस दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई आवश्यक है। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों और उनमें निराश्रित पशुओं की भूमिका की समीक्षा की गई। साथ ही, गोधन विकास से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने निराश्रित एवं लावारिस गौवंश की देखभाल, चारे की उपलब्धता और उनके पुनर्वास के लिए सुनियोजित रणनीति अपनाने की बात कही। नगरीय क्षेत्रों में सड़कों पर घूमने वाले पशुओं की रोकथाम के लिए काउ-कैचर की कार्यप्रणाली और उसके विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया।

भारत की शान बनीं डॉ. लावण्या लता पांडे

छत्तीसगढ़ राजनांदगांव की बेटी ने म्यांमार में जीता Mrs. Grand International 2025 में Second Runner-Up का ताज

यांगून, म्यांमार (नांदगांव टाइम्स)। भारत की Dr. Lawanya Lata Pandey Mrs. Grand International 2025 प्रतियोगिता में Second Runner-Up का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता म्यांमार की राजधानी यांगून में आयोजित की गई थी, जिसमें दुनियाभर की प्रतिभागियों ने भाग लिया।

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से आने वाली Dr. Lawanya न केवल एक समर्पित मां और पत्नी हैं, बल्कि एक फुल टाइम बिज़नेस डेवलपमेंट मैनेजर भी हैं, जो भारत की अग्रणी फ़ार्मा कंपनी Lupin में कार्यरत हैं। दो बच्चों की परवरिश के साथ-साथ उन्होंने पिछले 15 वर्षों से हर सुबह जिम जाकर फिटनेस को अपनी प्राथमिकता बनाई है। Dr. Lawanya ने मंच से कहा, यह ताज सिर्फ मेरा नहीं है—यह हर उस कामकाजी माँ का है जो सपना देखने की हिम्मत रखती है, हर उस भारतीय महिला का है जो मानती है कि वह एक साथ कई भूमिकाएं निभा सकती है। मैं यह जीत अपने पूरे परिवार, अपने ससुराल वालों, अपने पति, अपने प्यारे बच्चों, अपने बॉस और मेरे दोस्तों को समर्पित करती हूँ। उनके बिना यह सफ़र संभव नहीं था। उनकी निस्वार्थ प्रेरणा, प्रोत्साहन और समर्थन ने मुझे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की शक्ति दी। उन्होंने प्रतियोगिता के फिटनेस और प्रश्नोत्तर राउंड में अपने आत्मविश्वास, विचारशीलता और संतुलन से जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खास तौर पर जब उन्होंने मातृत्व, महिला सशक्तिकरण और फिटनेस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उनकी यह उपलब्धि आज भारत की लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है—एक जीवंत उदाहरण कि सच्ची सुंदरता आत्मबल, अनुशासन और जुनून में बसती है।

आदिवासी मंत्री को फंसा कर भूपेश के पुत्र ने करोड़ों कमाए - कोमल सिंह राजपूत

भूपेश बघेल झूठ की फैक्ट्री हैं, कोयला आबंटन के लिए कई पत्र लिखे , परमिशन भी दिलवाई

राजनंदगांव(नांदगांव टाइम्स)। कांग्रेसियों द्वारा भूपेश बघेल के पुत्र के समर्थन में प्रदेश भर में किए गए कांग्रेस के आंदोलन को ढकोसला बताते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पलटवार करते हुए कहा कि कॉल ब्लॉक आबंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीना जोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है, राजपूत ने कहा कि भूपेश ने 23 जून 2011 को केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहते हुए तारा परसा ईस्ट कॉल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया था,जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, तब अदानी को दो बड़ी खदानें गारे पेलमा सेक्टर 2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया, इसी तरह मुकेश बघेल जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भी भेजी थी। राजपूत ने कहा कि गारे पलमा सेक्टर 2 मांद रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने इसका जीता जागता उदाहरण है

कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि सभी जानते है कि

5 वर्ष में छत्तीसगढ़ को 10 जनपद का चारागाह बना दिया था, भूपेश सरकार के कार्यकाल में शराब घोटाले, कोयला घोटाला, चावल घोटाला, गोठआन घोटाला, से लेकर पीएससी घोटाले तक में प्रदेश के

संसाधनों को जमकर लूट गया आज जब इस घोटाले के आरोपी को एक-एक कर प्रदेश सरकार पकड़ रही है और सबूत की प्रमाणिकता के साथ सभी जेल जा रहे हैं, सभी आरोपी के विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई की जा रही है परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि कांग्रेसी इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

भूपेश का अदानी प्रेम किसी से नहीं छुपा

श्री राजपूत ने कहा कि तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कॉल ब्लॉक अशोक गहलोत को आबंडित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कॉल ब्लॉक की राह आसान की थी। श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में भूपेश बघेल के संयोजित षड्यंत्र के तहत एक आदिवासी नेता कवासी लखमा को आबकारी विभाग देकर शराब घोटाले का षड्यंत्र किया और भूपेश बघेल के बेटे ने करोड़ों रुपए का घोटाला किया। इसकी पुष्टि कवासी लखमा के इस बयान से होती है कि उन्होंने ईडी को कहा कि वह अनभिज्ञ हैं, जैसा उन्हें अधिकारियों ने कहा वैसा उन्होंने अंगूठा लगा दिया,इस बयान से यह सिद्ध होता है कि भूपेश बघेल के पुत्र और वे स्वयं शराब घोटाले में मास्टरमाइंड थे। श्री राजपूत ने कहा कि आज अड़ानी को लेकर कांग्रेसियों द्वारा बेवजह चक्का जाम कर जनता को परेशान किया जा रहा है, जो कि कांग्रेस की घटिया मानसिकता का परिचायक है। श्री राजपूत ने कांग्रेसियों को नसीहत देते हुए कहा कि भूपेश एवं दस जनपद की गुलामी छोड़कर सच्चाई का साथ दें और जनता को बेवजह परेशान करना बंद करें अन्यथा आने वाले समय में कांग्रेस छत्तीसगढ़ में नजर नहीं आएगी।

एक पेड़ माँ के नाम पर शानदार आयोजन

पार्षद राजा माखीजा ने दिया जनजागरुकता का संदेश

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। वार्ड नंबर 23 के पार्षद राजा माखीजा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम के तहत वार्डवासियो एवं समाज के सहयोग से वृक्षारोपण का विराट कार्यक्रम का आयोजन किया आज की महिति आवश्यकता पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन है जिसके लिए प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आह्वान किये इसी तारत्म्य मे आज वार्ड नंबर 23 गुरुगोविंद सिंह वार्ड मे वृहद आयोजन किया गया जिसमे विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं महापौर मधुसूदन यादव भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं समाज के वरिष्ठ एवं वार्ड वासी उपस्थित थे। डॉ रमन सिंह जी के आगमन पश्चात वार्ड में स्थित महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया गया कार्यक्रम के अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक पेड़ माँ के नाम का सार एक प्रतीकात्मक भाव है अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना। यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान। पेड़ जीवनदायी होते हैं और एक माँ की तरह वे अगली पीढ़ी को पोषण सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। इस पहल के माध्यम से प्रतिभागी न केवल अपनी माँ के सम्मान में एक स्थायी स्मृति बनाते हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता को भी संबोधित करते हैं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्रीसंतोष अग्रवाल जी पूर्व जिलाभाजपा अध्यक्ष श्री सचिन बघेल जी अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक सिंधी समाज के अध्यक्ष श्री मंशाराम मोटलानी वरिष्ठ सलाहकार श्री अर्जुनदास पंजवानी जी श्री आवतराम तेजवानी जी रवि सिन्हा नमिताब जैन भागचंद गिड़िया श्री गुरमुखदास वाधवाएश्री विजय गंगवानी हरीश मोटलानी चंदन रुचनदानी अर्जुन वाधवानी अमर लालवानी गोविंद सिंघ वाधवानी प्रहलाद चेतावनी हरि तेजवानी संजय तेजवानी प्रकाश वाधवानी वासुदेव मोटलानी बृजलाल वाधवानी डॉ करतार सिंह कंजवानी संजय जगवानी अर्जुन गंगवानी राजकुमार डुलानी दौलत रामचंदानी सिंधी समाज के महिला मंडल युवा समिति कौशल शर्मा देवल वर्ल्याणी पंकज जेठानी एवं सभी पार्षदगण उपस्थित थे।

अतिक्रमण कारी के वजह से मां वैष्णो देवी मंदिर का अस्तित्व खतरे में

छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)। बघरन पाठ स्थित नगर के प्रसिद्ध मां वैष्णो देवी मंदिर अतिक्रमण कारी के वजह से मंदिर का अस्तित्व खतरे में है मंदिर के आगे की जमीन पर नगर के अतिक्रमणकारियों अवैध कब्जा कर डबल स्टोरी एवं तिबल स्टोरी भवन निर्माण कर लीया है।जिससे मुख्य मार्ग से मंदिर दिखाना धीरे-धीरे बंद हो रहा है यदि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किया गया एवं अवैध भवन निर्माण में प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो मां वैष्णो देवी मंदिर का अस्तित्व ही संकट में आ सकता है। इसी प्रकार मंदिर के पीछे नगर पंचायत के तालाब के आसपास भारी अतिक्रमण कारी का कब्जा हो गया है।कुछ लोग तो अतिक्रमण कर तालाब के अस्तित्व को संकट में डाल रहे हैं।तालाब के ऊपर

नवागांव रोड में कुछ श्यामपुर निवासियों ने पंचायत के शासकीय करोड़ के जमीन पर कब्जा करके बड़े-बड़े भवन निर्माण कर लिए है उक्त अतिक्रमण कारी का मामला तीन-चार सालों से राजस्व विभाग में चल रहा है।यह मामला में लंबा लेनदेन की चर्चा नगर के लोगों में है। इसी प्रकार नगर पंचायत क्षेत्र वार्ड क्रमांक 8 में छोटे मंगल भवन के पास एक बाहर के व्यक्ति द्वारा भवन निर्माण कार्य बिना परमिशन के शुरू किया गया है। जिसके द्वारा पीछे खाली पड़ा शासकीय भूमि को कब्जा करके भवन निर्माण कर दिया गया है। जिसकी शिकायत प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा नगर पंचायत में किया गया है।ज्ञात होगी उक्त शासकीय भूमि छोटे मंगल भवन के पीछे साइड में आने वालों के लिए बाइक साइकिल रखने का स्थान था जिस पर इस कब्जाधारी ने कब्जा कर लिया है जिस पर कार्यवाही आवश्यक है। श्रीमती सुनीता जैन मुख्य नगर पंचायत अधिकारी का कहना है भवन निर्माण करता को दो बार अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पंचायत द्वार नोटिस भेजा जा चुका है।काम नहीं रोक रहा है। सख्त कार्यवाही की जाएगी।

nandgaon times JULAI-23-4.qxd 7/23/2025 12:03 AM Page 2

कबीरधाम के 24 ग्रामों में 23 जुलाई से 29 अगस्त तक लगेंगे विशेष राजस्व शिविर, राजस्व समाधान रथ करेगा त्वरित निपटारा

पदम सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य शासन

द्वारा कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल ग्रामों में राजस्व व्यवस्था को सुलभ, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिले में 23 जुलाई से 29 अगस्त 2025 तक विशेष राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को उनके ही गांव में राजस्व से संबंधित सेवाएं सुलभ कराई जाएंगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों के अंतर्गत इन शिविरों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। कलेक्टर वर्मा ने समय सीमा की बैठक में राजस्व समाधान शिविर की तैयारियों की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

25 जुलाई को कबीरधाम में ल्यक पेड़ माँ के नामज्ज अभियान के अंतर्गत होगा जिलेभर में एक साथ वृक्षारोपण

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पर्यावरणीय पहल एक पेड़ माँ के नाम अभियान के



अंतर्गत 25 जुलाई 2025 को दोपहर 12.30 बजे कबीरधाम जिले में एक साथ वृक्षारोपण किया जाएगा। इस विशेष अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में न्यूनतम एक-एक हजार पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिले के सभी स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, छात्रावासों, आश्रमों और आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास उपलब्ध खाली भूखंडों में भी पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक चेतना का विस्तार भी हो। पौधों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था रखे। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना और मनरेगा के तहत निर्मित पक्की एवं कच्ची सड़कों के दोनों किनारों पर भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराने के निर्देश दिए हैं।000

हरेली व शनि जन्मोत्सव पर यज्ञ व भंडारा

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। श्रावणी या हरियाली अमावस्या 24 जुलाई को शहर में शनि जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्राचीन शनि मंदिर कामठी लाइन में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर के सेवक दिलीप शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 24 जुलाई को तड़के 4 बजे महाभिषेक व दोपहर एक बजे यज्ञ पश्चात् भंडारा व रात 7.30 बजे महाआरती होगी। रात्रि 8 बजे से रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

बी पी एस पेरेंट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र छात्राओं ने जाना मतदान का महत्व

डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)। 18 वर्ष पूर्ण होने पर देश को नई

दिशा प्रदान करने के लिये अपने अपने माताधिकार का प्रयोग करते हैं। परंतु मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित बी. पी. एस. पेरेंट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी के छात्र - छात्राओं ने 18 वर्ष पूर्ण होने के पहले ही अपने माताधिकार का प्रयोग किया। प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे 19 जुलाई शनिवार को शाला में छात्र संघ अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव,सहसचिव,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व अन्य पदों के लिये चुनाव का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक छात्र - छात्राओं ने अपने-अपने माताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में सभी को मतदान अनुभव प्रदान करने के लिये पूर्व विधानसभा चुनाव के तर्ज पर बैलेट पेपर के द्वारा मतदान कराया गया।जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ कर अपने माताधिकार का प्रयोग किया और जाना कि पूर्व समय में लोग मतदान कैसे करते थे।मतदान के बाद छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किये जिसमें इस मतदान अनुभव को अनोखा अनुभव बताया। मतदान को संपन्न कराने में पीठासीन अधिकारी के रूप में तनु साहू,रेणुका देवांगन, उपस्थित थे।वहीं निवार्चन अधिकारी के रूप में कीर्ति सागर, हारिका पटेल उपस्थित थे और निवार्चन सहयोगी के रूप में उमेश यादव ,नीरज साहू, तेज साहू उपस्थित थे।

शुभांक
2-6-9
678-1 299-0
भाग्यांक
590-4 244-0

अरविंद गोटे को प्राप्त हुआ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के दोबारा जिला अध्यक्ष बनने का सौभाग्य

गोण्डवाना भवन मोहला में प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में निर्वाचन की कार्रवाई संपन्न की गई, शिव कलामे को मिली महासचिव की जिम्मेदारी



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्री अरविंद गोटे को अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला मोहला.मानपूर.अंबागढ़ चौकी के दोबारा जिला अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शनिवार 19 जुलाई को जिला मुख्यालय मोहला के गोण्डवाना भवन में प्रदेश पदाधिकारियों एवं समाज प्रमुखों की उपस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न की गई। जिसमें श्री अरविंद गोटे निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान श्री शिव कलामे निर्विरोध महासचिव बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि श्री अरविंद गोटे पिछले कार्यकाल में भी निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। मोहला विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम वासड़ी निवासी श्री अरविंद गोटे वर्तमान में व्याख्याता भौतिक शास्त्र के पद पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्हाटी विकासखण्ड अंबागढ़ चौकी में पदस्थ है। वे विद्यार्थी जीवन से ही अनेक सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर चूके हैं। गोण्डवाना भवन मोहला में आयोजित जिला पदाधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सेवानिवृत्त डीआईजी श्री डीआर आचलाए गोण्डवाना समाज के संभागीय सचिव श्री पूर्णानंद नेतामए अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक श्री कमलेश ध्रुवए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोहला मानपूर जिले के प्रभारी श्री लवण सिंह कंवरए प्रदेश प्रतिनिधि एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री चंद्रेश ठाकुरए जिला अध्यक्ष राजनांदगांव श्री लेखराम मात्रा सहित जिला संरक्षक श्री एमआर नायकए श्री संत कुमार नेतामए खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉण् सोनउराम कोवाचीए पूर्व ब्लाक अध्यक्ष श्री टीआर पिस्दाए श्री भारत कोवाचीए पीएल उइकेए रोम सिंह मंडलोईए प्रहलाद ठाकुरए गोण्डवाना समाज के युवा प्रभाग के संभागीय अध्यक्ष श्री अंगद सलामेए मनहरण लाल कुंजामए श्री ज्ञानसिंह घावड़ेए श्री मने सिंह मण्डावीए सुजान सिंह नेतामए श्री चेतन भण्डारीए श्री किशोर अनेन्द्रए श्री प्रकाश नेतामए श्री तोमन आचलेए बोहरन सलामेए श्री पवन ठाकुर एवं अन्य समाज प्रमुखगण उपस्थित थे। बैठक में शेष पदाधिकारियों का मनोनय आगामी बैठक में करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सामाजिक प्रमुखों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समाज प्रमुखों ने आशा व्यक्त किया कि श्री अरविंद गोटे एवं श्री शिव

कलामे के कुशल नेतृत्व में हमारे समाज के अधिकारी.कर्मचारी समाज हित में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज को नई ऊँचाईयों की ओर ले जाएंगे। इस अवसर पर समाज प्रमुखों एवं वक्ताओं ने ज्वलंत एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हुए समाज के लोगों को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने की भी अपील की।

धर्मापुर पंचायत के पूर्व सरपंच राही बंजारे द्वारा निर्माण कार्यों के राशि मे भारी गड़बड़ी

दो साल बीत जाने के बावजूद भी शासन प्रशासन द्वारा पूर्व सरपंच राही बंजारे से 4,71,521 लाख की राशि की वसूली नहीं कर पाई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धर्मापुर में पूर्व सरपंच श्रीमती राही बंजारे द्वारा राशि में भारी अनियमितता किया गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव द्वारा एवं जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजनांदगांव के माध्यम से पत्र के माध्यम से श्रीमती राही बंजारे पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत धर्मापुर को सूचित किया गया है कि छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत राशि वसूली बाबत की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राज के पत्र क्रमांक 5837 जनपद पंचायत 2024 राजनांदगांव द्वारा दिनांक 23.8.2024 के अनुसार ग्राम पंचायत धर्मापुर में निर्माण कार्यों की राशि 4,87,200

रुपए आहरण कर उन अनाधिकृत रूप से अपने पास रखे हुए हैं। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आगामी पेशी दिनांक 20/09/2024 के पूर्व उपरोक्त बकाया राशि न्यायालय उपस्थित होकर जमा करें।नियत दिनांक को उपस्थित नहीं होने एवं राशि जमा नहीं करने पर छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम में दिए गए प्रावधान अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि 1,36,000 रुपए का भी राशि का भी आहरण कर लिया गया है इस तरह से पूर्व सरपंच श्रीमती राही बंजारे द्वारा शासकीय निर्माण कार्यों की राशि में भारी गड़बड़ी की गई है। इसके अलावा पूर्व सरपंच राही बंजारे को (शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान) छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 के अधीन के तहत वर्ष 12/6/2023 को साल बीत जाने के बावजूद 4,71,521रुपए (राशन दुकान) की भी राशि वसूली की जानी थी लेकिन आज पर्यंत तक शासन प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है। शासन प्रशासन को चाहिए कि पूर्व सरपंच श्रीमती राही बंजारे से राशि की बकाया वसूली करे।

विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। संकुल केंद्र मटेवा में 19 जुलाई

को संकुल केंद्र मटेवा विकासखंड मोहला में संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें युक्तियुक्त करन में एए साथियो को बिदाई एवं प्रमोशन में नए शिक्षक साथियो का स्वागत किया गया और संकुल के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती अहिल्या सोरी, अध्यक्षता गणेश राम साहू, संकुल प्राचार्य सीएसी लीलाधर एवं समस्त संकुल के शाला के प्रधान पाठक एवं सभी शिक्षक और पालक विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।

निर्माणाधीन पानी टंकी का कार्य 2 साल बाद फिर शुरू हुआ

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ब्लॉक के ग्राम कविराज टोलागांव में

अमृत जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कार्य विगत 2 वर्षों से बंद पड़ा था। क्षेत्रीय जनपद सदस्य उमेश साहू को ग्रामीणों ने निर्माणाधीन पानी टंकी का कार्य पूर्ण कराने मांग किया गया। कविराज टोलागांव में बन रहे पानी टंकी का निर्माण ठेकेदार द्वारा पूरा नहीं किया जा रहा था । जनपद सदस्य ने निर्माणाधीन पानी टंकी का कार्य सुचारू रूप से पूर्ण कराने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अब ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का रुके कार्य पुनः शुरू किया गया है। तीन माह के भीतर टंकी का निर्माण होने से पानी की समस्या से जूझ रहे कविराज टोलागांव वासियों को निजात मिल सकेगा ।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2025-26/300 **डोंगरगांव, दिनांक 22.07.2025**

मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पजीयन प्रणाली के अतर्गत सक्षम श्रेणी से पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक से तीन लिफाफा पद्धति से निम्नदर्शित कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग भवन एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर एवं इस निविदा जारी दिनाक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र अ(प्रतिशत दर) में मंडी कार्यालय डोंगरगांव में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 18.08.20.25 को सायं 05.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 19.08.2025 को सायं 05.00 बजे तक
3. निविदा दर प्राप्ति की अंतिम तिथि - 27.08.2025 को सायं 05.00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 28.08.2025 को दोप. 03.00 बजे तक।

क्र.	ग्राम व ग्राम पंचायत	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू.)	ब्याने जी राशि रू. (एकडीआर मे)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यावधि	ठेकेदारी की श्रेणी	दर अनुसूची
1	2		3		6	5		7
1	बेलघरीटी	सामुदायिक भवन निर्माण (आदिवासी पारा में)	10.00	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	CG PWD Building work SOR w.e.f. 01.01.2015 and Electricali work SOR w.e.f. 01.07.2015 एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित
2	नांदियाखुर्द	सामुदायिक भवन निर्माण (साहू पारा में)	10.00	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
3	सागर	सामुदायिक भवन निर्माण (राधेकृष्ण मंदिर के पास)	05.14	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
4	चिरायटीकला	सामुदायिक भवन निर्माण (पचमुखी मंदिर के पास)	05.14	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
5	जोब	सामुदायिक भवन निर्माण (मैपाटीला पारा में)	05.14	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
6	जोबीसमती	सामुदायिक भवन निर्माण (शेष पारा में)	05.14	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
7	गोडालवाडी	सामुदायिक भवन निर्माण (साहू पारा में)	05.14	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
8	समनगांव	सामुदायिक भवन निर्माण (साहू पारा में)	05.14	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
9	आमगांव	पक्कुता निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	09.91	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
10	आमगांव	टीन शेड निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	05.28	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
11	जोब	पक्कुता निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	09.91	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
12	खुर्सीटिकुल	तार फेंसिंग (सुखा पेड़ निर्माण) (धान खरीदी केन्द्र)	04.56	4500/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
13	दैहान	सामुदायिक भवन निर्माण (मैपाला सर्किल के पास)	05.14	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
14	आरागांव	पक्कुता निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	09.91	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
15	निवारी	पक्कुता निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	09.91	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
16	सम्बालपुर	पक्कुता निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	09.91	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
17	गोडालखुर्द	टीन शेड निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	05.28	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
18	पानाखुर्द	सामुदायिक भवन निर्माण (साहू पारा में)	09.91	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
19	सालेटीला	समतलीकरण कार्य (धान खरीदी केन्द्र)	09.36	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
20	झाडीतेली	टीन शेड निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	05.28	5000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	
21	जयसिंगटोला	पक्कुता निर्माण (धान खरीदी केन्द्र)	09.91	10000/-	1000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित	डी एवं उच्च	

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए वैध पंजीयन / जी.एस.टी. पंजीयन, पैन कार्ड वाणिज्यिक चुकता प्रमाणपत्र बैंक स्टान्सेसी (एक साल से पुराना न हो अनुभवित लगत का 15 प्रति. मूल्य का की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं तथा आवेदन सहित समस्त दस्तावेजों की नोटरी से सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत कर निर्धारित शुल्क नगद राशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा। 2. अमानत राशि एडीकृत बैंक से जारी एफ.डी आर/ टी.डी आर या विधाण द्वारा जारी एम.एस.सी. के रूप में सचिव कृषि उपज मंडी समिति, डोंगरगाव जिला राजनंदगांव के नाम से देय की स्वीकार होगी। 3. कार्यों से संबंधित समस्त जानकारियां एवं अन्य शर्ते दिनाक 19.08.2025 तक कार्यालयीन समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है, जो कि इस निविदा अनुसार का अनिवार्य भाग है एवं वविज्ञापन के पत्र के 221 दिनांक 09.06.2025 के द्वारा संलग्न अतिरिक्त शर्ते के 10 एवं 11 इस निविदा शर्तो इस निविदा शर्तो का भाग होगा। 4. उपरोक्त कार्य हेतु यदि निविदाकार द्वारा लघु दर/दर अनुसूची में 10 प्रतिशत कम दर से नीचे की दर कोट किया जाता है तो निविदा हेतु स्वीकृत शर्ते लागू होगी। तदनुसार अंतर की राशि सचिव कृषि उपज मंडी समिति, डोंगरगांव जिला-राजनंदगांव के नाम एफडी.आर. के रूप में अनुबंध निष्पादन के पूर्व जमा करना होगा। शर्ते के प्रति निविदाओ के साथ प्रदाय की जावेगी।। 5. लिफाफा अ में ई.एम.डी एवं शपथ पत्र लिफाफा ब में समस्त दस्तावेजों (वैध पंजीयन प्रमाण कागजात मंडल (ई.पी.एफ.) का पंजीयन प्रमाण पत्र बैंक स्टान्सेसी (एक वर्ष से पुराना न हो एवं अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत की मूल्य का) जी.एस.टी. पंजीयन पैनकार्ड की छायाप्रति लिफाफा स में निविदा प्रपत्र लिफाफा ए में अ,ब एवं स की भरकर प्रस्तुत किया जावेगा। तथा लिफाफा ए में कार्य कमांक तथा कार्य का नाम का स्पष्ट उल्लेख करें।

(रामगोपाल सुनहरे)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
डोंगरगांव

(नरेश लाल मंडावी)
मारत्यायक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
डोंगरगांव
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं कमल दीप आ0 सतबीर कुमार, आयु 35 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 16, दाउपोरा, खैरागढ़, तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई का निवासर हूं, जो कि निम्नलिखित कथन सत्यापूर्वक करता हूं:- 1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि, मेरे पुत्र तेजस्व गोयल का जन्म दिनांक 17/10/2023 हुआ। जन्म पंजीकरण के समय त्रुटिवश 'तेजस्व गोयल' करा दिया गया, जो कि, गलत है। 3. यह कि, मैं अपने पुत्र 'तेजस्व गोयल' का नाम 'तेजस्व गोयल' के स्थान पर 'अभिमन्यु गोयल' कराना चाहता हूं, जिस हेतु उनकी माता श्रीमती रीना गोयल भी सहमत है। जिसके लिये यह शपथपत्र निष्पादित किया जा रहा है। अतः समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

मैं शपथकर्ता कमल दीप आ0 सतबीर कुमार, यह सत्यापित करता हूँ कि, इस शपथ पत्र की कंडिका कमांक 1 से 3 तक का कथन मेरी निजी जानकारी ज्ञान व दस्तावेजों के आधार पर सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 22/07/2025 को स्थान खैरागढ़ में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता
कमल दीप
आ. सतबीर कुमार

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता सोनसिंग आयु 44 वर्ष पिता मोतीराम जाति कोष्टा, निवासी ग्राम पिपलाकछर, तहसील खैरागढ जिला केसीली छ.ग. रहने वाला हूं। मेरा जन्म 06/09/1981 को हुआ है लेकिन आधार कार्ड नम्बर 5637-9778-8409 में त्रुटिपूर्ण मेरा नाम सोनलाल देवांगन पिता मोतीलाल देवांगन जन्म तिथि 03/05/1988 अंकित हो गया है। जबकि शालेय अभिलेखों में अंकित नाम सोनसिंग पिता मोतीराम देवांगन जन्म तिथि 06/09/1981 अंकित है जो सही है। मैं आधार कार्ड में अपना नाम और जन्म तिथि शालेय अभिलेखों के अनुसार रखना चाहता हू।

जिसे राजपत्र में प्रकाशन की जरूरत है।

शपथकर्ता
सोनसिंग
पिता मोतीराम

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़
जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)

- ईश्तहार:-

रा.मा क्र.बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश वर्मा आ. स्व. रामप्रसाद वर्मा निवासी शहर / ग्राम बोईरदेह प.ह.नं. तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई द्वारा अपने दादी स्व. रूपकुंवर आ. राम अवतार के मृत्यु प्रमाण पत्र की मॉग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक के 04/04/2008 को स्थान बोईरदेह होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 28/07/2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 07/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक:- 07/07/2025
सुनवाई दिनांक: 28/07/2025

सील **कार्यपालिक दंण्डाधिकारी खैरागढ़**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग)

// ईश्तहार //

क्र./ अविअ/पमाठ-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 14/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक.... (1) रिंकु बिल्डकॉन पार्टनर प्रभजीत सिंग बग्गा उर्फ राजासिंग बग्गा पिता बुद्धसिंग बग्गा, (2) चन्प्रीत कौर पति प्रभजीत सिंग बग्गा, (3) विमलराानी पिता मोहर सिंग, (4) बुद्धसिंग बग्गा, प्रीतम कौर दोनों के पिता करतार सिंग बग्गा, (5) हितेन्द्र बग्गा पिता जसबीर सिंग, निवासी राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 41, खसरा नंबर 1453/8 रकबा 0.2020 हेक्टेयर में से 0.1020 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 28/02/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त प्रश्न दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

ज्ञान मंथन

1) पक्षियों को बहुत ऊँचाई पर उड़ते समय साँस की परेशानी क्यों नहीं महसूस होती?
2) भारत के प्रथम दलित मुख्य न्यायाधीश कौन बने?
3) हाल ही में हेल्थ साथी योजना किसने लॉन्च की है?
4) इक्थियोलॉजी में किसका अध्ययन किया जाता है?
5) हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति को कौन सी पारंपरिक पेंटिंग उपहार में दी?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) उनमें अतिरिक्त वायु-कोष होते हैं (2) के जी बालकृष्णन (3) पेटीएम (4) मत्स्य की संरचना और कार्यिकी इत्यादि का अध्ययन

प्रशिक्षण उपरांत मोदी जी के मिशन को साकार करने में जुट जाएं - योगेश दत्त मिश्रा

राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अपनी स्थापना काल से ही प्रदेश भर में संचालित श्रम कल्याण केंद्रों के माध्यम से जहां मजदूरों को मण्डल द्वारा संचालित चैदह योजनाओं का लाभ देता चला आ रहा है, वहीं सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के माध्यम से सैकड़ों मजदूर परिवार के महिलाओं को आर्थिक आजादी प्रदान कर चुका है। पिछले दिनों श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा जी ने रायपुर व राजनांदगांव जिले में कार्यरत श्रम कल्याण केंद्रों का विस्तृत दौरा किया। श्रम केंद्रों की समस्याओं से अवगत हुए। जो-जो कमी उन्हें बताए गए, उन्हें एक माह के भीतर पूरा करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया तथा पिछले छः महीने में प्रशिक्षण प्राप्त बैच को प्रमाणपत्र वितरीत करते हुए कहा कि श्रम कल्याण मण्डल कारखाना, उद्योग, फैक्ट्रियों व 10 या 10 से अधिक नियोजित होने वाले कर्मचारियों के संस्थान में कार्यरत श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा के लिए व्यापक कार्य कर रहा है। मंडल अब तक छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से, नि:शुल्क सिलाई मशीन वितरण योजना के माध्यम से, नि:शुल्क सायकल वितरण योजना के माध्यम से तथा बीमारी, दुर्घटना व मृत्यु तक की योजना के द्वारा हजारों श्रमिकों को लाभ दे चुका है। मंडल के अध्यक्ष श्री मिश्रा जी ने कहा कि मजदूर परिवार के आर्थिक विकास हो, उन्हें सामाजिक सुरक्षा की तमाम योजनाओं का लाभ मिले, इस हेतु मंडल व उसके कर्मचारी प्रयबशील हैं। उन्होंने देश के आर्थिक विकास का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी देश व प्रदेश को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में काररगर कार्य कर रहे हैं। हम आज जहां विश्व की चैथी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुके हैं, वहीं विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भी बहुत जल्दी पदार्पण कर लेंगे। श्री मिश्रा जी कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में पूरा देश आगे बढ़ रहा है। देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा तो राष्ट्र के प्रत्येक किसान, मजदूर, गरीब, आम नागरिक सभी को इसका लाभ मिलने वाला है। यह स्वर्णिम स्वप्न साकार तब होगा, जब देश का प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री मोदीजी के इस मिशन को कामयाब करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा होगा। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला बहनों का आह्वान करते हुए कहा कि जो प्रशिक्षण पिछले छः महीने में उन्हें यहां प्राप्त हुआ है, उसे अपने जीवन के आर्थिक विकास में लगाएं, अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए

परिवार की आय बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है। वे भी कंधे से कंधा मिलाकर परिवार के साथ खड़ी हों, ताकि उनका परिवार आर्थिक रूप से समृद्ध हो, जिससे देश की भी समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। श्री मिश्रा जी ने इस दौरान रायपुर जिले के उरला, सांकरा, सोनडोंगरी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रम कल्याण केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे राजनांदगांव जिले के तुमड़ीबोड, टेडेसरा औद्योगिक क्षेत्र गए, जहां श्रम कल्याण केंद्रों का निरीक्षण उपरांत प्रमाणपत्रों का वितरण किया। इस दौरान उनके साथ मण्डल के कर्मचारी विवेक दुबे, दुष्यंत साहू, गोपाल साहू, नरेंद्र सिन्हा उपस्थित थे। उन्होंने श्रम कल्याण केंद्रों के कुशल संचालन के लिए कार्यरत प्रशिक्षिकाओं का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

ईडी को कठपुतली बनाकर भाजपा लोकतंत्र का उड़ा रही मजाक : कांग्रेस

जिला स्तरीय आर्थिक नाकेबंदी व चक्काजाम में उमड़ी कांग्रेस की भीड़

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार डेढ़ साल में ही अपनी लोकप्रियता खो चुकी है और चहूंओर भ्रष्टाचार, शराबखोरी, रेत माफिआओं का गुडाराज, निर्दोष जनता को बंदूक की नोक से मारपीट कर परेशान किया जा रहा है। अडानी बंधुओं के लिए प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को बेचा जा रहा है, लगातार पेड़ों की अंधधुध कटाई की जा रही है। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस नेता डा.चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व नेताओं द्वारा सवाल किया जाता है तो उनको ईडी, सीबीआई दिखाकर डराने व जबरन कार्यवाही करना शुरू कर देती है। जनहित मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर 22 जुलाई

को प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी व चक्काजाम किया गया जिसके तहत राजनांदगांव जिले में सीआईटी कालेज तिराहा चौक पर दोपहर 12 से 02 बजे तक चक्काजाम किया गया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार, शराबखोरी, रेत माफिआओं का बोलबाला, प्रदेश के खनिज संपदाओं का लगातार दोहन किया जा रहा है। इन जनहित मुद्दों को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार उजागर किया जा रहा जिससे भाजपा सरकार पूरी तरह से भयभीत हो गई है और ईडी को सामने रखकर कांग्रेस नेताओं पर लगातार कार्यवाही कर डराय व धमकाया जा रहा है। उक्त जनहित मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर प्रदेश व्यापी आर्थिक नाकेबंदी व चक्काजाम किया गया। इसके तहत शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में मंगलवार 22 जुलाई को जिला मुख्यालय में कांग्रेसजनों द्वारा हाथ में तख्ती, पोस्टर के साथ केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर आर्थिक नाकेबंदी कर चक्काजाम को सफल बनाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है, शराब का अवैध कारोबार चल रहा है, रेत से खनिज का लगातार दोहन किया जा रहा है ये अडानी का गुलाम बन चुकी है।

स्टार्टर एंव रॉ वाटर पाईप लाईन मरम्मत कार्य के कारण शाम को पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई

राजनांदगांव। जल संयंत्रगृह मोहरा में क्रमशः 10,17 एवं 27 एमएलडी प्लांट के माध्यम से जल शोधनकर उच्च स्तरीय जलागार भरकर शहर में पानी सप्लाई किया जाता है, वर्तमान में अमृत मिशन योजनांतर्गत तेजेस एवं एसएमसी कम्पनी द्वारा नियमानुसार प्लांट का संचालन संधारण किया जा रहा है। आज दिनांक 22 जुलाई को दोपहर को रॉ वाटर पाईप लाईन मरम्मत के कारण टंकी नही भर पाने पर शाम की पेयजल सप्लाई नही हो पाई। शाम को पेयजल सप्लाई बाधित की जानकारी होते ही महापौर श्री मधुसूदन यादव शाम को जल संयंत्रगृह मोहारा पहुँचकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेकर पंप दुरूस्त रखने तथा एलम सहित अन्य आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखने के निर्देश दिए। उन्होने तेजस कंपनी के ईचार्ज श्री नितिन पाटिल से कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए एलम का एक माह का स्टाक रखे और समय समय पर समाग्री की उपलब्धता के आधार पर सभी समाग्री की पर्याप्त भण्डारण रखे। उन्होंने अधिकारियो को हिदायत देते हुए कहा कि पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। रॉ वाटर पाईप लाईन खराबी एवं सट डाउन पर आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने जल विभाग के अधिकारियो को तत्काल मरम्मत कर व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देशित किया गया। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि इंटकवेल का पाईप फूटने के कारण फिस्टर प्लांट बंद किया गया। साथ ही 27 एमएलडी प्लांट के पेनल में एमसीबी फिट किया गया, जिसके तहत प्लांट में सट डाउन किया गया, जिस कारण से आज 22 जुलाई शाम को पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई।

अंतरराज्यीय गांजा तस्करों की चालाकी नाकाम - स्कूटी से पायलटिंग कर बचना चाहते थे चेकिंग से 10 किलो गांजा जप्त

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)। आज दिनांक को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड यू 8278 और एमपी 20 जेड के 7484 में चार लोग अवैध रूप से गांजा लेकर चिल्फी-बोड़ला मार्ग होते हुए जबलपुर की ओर जा रहे हैं। इनमें से एक स्कूटी पायलटिंग कर रही है ताकि रास्ते में यदि पुलिस चेकिंग हो तो मुख्य गांजा ले जा रही गाड़ी को संकेत देकर भागने में मदद मिल सके। सूचना पर थाना चिल्फी पुलिस द्वारा एनएच 30 मुख्य मार्ग चेक पोस्ट के पास नाकाबंदी की गई। इसी दौरान एक सफेद रंग की स्कूटी एमपी 20 जेड के 7484 आती दिखी जो पुलिस को देखकर भागने लगी। उसे रोकने के लिए टीम रवाना की गई। कुछ ही देर में दूसरी स्कूटी एमपी 20 जेड यू 8278 आई, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सोनू उर्फ सूरज पिता छोटे सिंह ठाकुर, उम्र 21 वर्ष, निवासी जबलपुर और राहुल ठाकुर पिता कोदू ठाकुर, उम्र 20 वर्ष, निवासी जबलपुर बताया। उन्होंने बताया कि उनके साथी अंकित पटेल और अमर खरे गांजा से भरी स्कूटी चला रहे हैं और वही पायलटिंग करने वाली स्कूटी के साथ समन्वय कर रहे थे। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की और बैग से कुल 10.065 किलोग्राम गांजा 5 पैकेट में बरामद हुआ जिसे मौके पर ही विधिवत जप्त किया गया।

मोहड़ रेत मामले को लेकर कांग्रेस का घेराव 24 को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी शहर के मोहड़ वार्ड नं. 49 में रेत माफिआओं निर्दोष ग्रामीणों पर लाठीडंडा व बंदूक की नोक पर वारदात करते हुए गोलीकांड जैसी अपराधिक घटना हुए लगभग एक से डेढ़ माह बीत चुकी है किन्तु अब तक मुख्य आरोपी संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 24 जुलाई बसंतपुर थाने का घेराव किया जा रहा है। इस संबंध में अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जब तक मुख्य सरगना की गिरफ्तारी नहीं होगी प्रदर्शन जारी रहेगा। कांग्रेस सदैव जनहित की लड़ाई लड़ी है इस घटना के बाद से आज दिनांक तक कांग्रेस लगातार रेत माफिआओं पर कार्यवाही की मांग कर रहा है। जबकि इसको लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा पुलिस प्रशासन को 08 दिन में अपराधियों कार्यवाही करने का अल्टीमेंटम दिया था नही तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी, उसके बावजूद भी कार्यवाही शून्य है। श्री छाबड़ा ने कहा कि मुख्य सरगना संजय सिंह अभी भी फरार है, रेत माफिआओं का लिंक सीधा भाजपा नेताओं जुड़ा इस कारण इसे बचाने में लगी है।

महिला स्व सहायता समूहो की एक दिवसीय कार्यशाला का नगर निगम सभागृह में हुआ आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महिला सशक्तिकरण के तहत महिला स्व सहायता समूह की महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने जिला शहरी विकास अभिकरण राजनांदगांव द्वारा निगम सभागृह में आज निगम आयुक्त तथा परियोजना अधिकारी श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला राजनांदगांव, खैरागढ-छूईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपूर के स्व सहायता समूहो की महिलाओ के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से शासन की लाभकारी योजनाओ की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपने संबंधोधन में कहा कि आज की कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य महिलाओ को स्व रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्म निर्भर बनाना है। केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओ के हित में अनेक जन कल्याणकारी योजनाए संचालित की जा रही है, जिसका लाभ कैसे लेना है,मिलेट कैफे का संचालन कैसे करना है आज की कार्यशाला में बताया जायेगा।

उन्होंने कहा कि समूह को चलाने के लिए जो आवश्यकताए है उसी पूर्ति करने कार्य करे, समूह की दीदीयो को जागरूक करे, समूह को मजबूती प्रदान करे, तभी आप शासन की बडी बडी योजनाओ का लाभ ले सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अवधारणा अनुसार उद्यमियो को बढ़ावा देना एवं स्थानीय बाजार को विकसित करना है। कार्यशाला में मिलेट योजना के संभाग समन्वयक श्री देवांग शाह ने शासन की योजनाओ के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से महिला समूहो को बताया गया। कार्यशाला में समूह की महिलाए मिलेट कैफे तथा कार्ट योजना का क्रियान्वयन कैसे करना है, उससे क्या लाभ मिलेगा बताया गया, साथ ही किसानो की आय में वृद्धि करने साथी बाजार के बारे में जानकारी दी गयी। साथी बाजार किसानो का सुपर मार्केट है, जहाँ कृषि संबंधी कार्य एवं समाग्री का विक्रय किया जाता है। कार्यशाला में महिलाओ को आर्थिक सहायता प्रदान कर रोजगार को बढावा देने के संबंध में जानकारी दी गयी।

राजस्व से जुड़े प्रकरणों के लिए जनसामान्य को नहीं होनी चाहिए परेशानी - कलेक्टर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि राजस्व से जुड़े प्रकरणों के लिए जनसामान्य को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों को जनसामान्य के साथ अच्छा व्यवहार रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने एग्रो स्टेट में किसानों का रजिस्ट्रेशन प्राथमिकता के साथ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में जिन किसानों ने पिछले वर्ष धान का विक्रय किया है उनका प्राथमिकता के साथ अनिवार्य रूप से एग्रो स्टेट में रजिस्ट्रेशन कराने कहा। उन्होंने तहसीलदारों को किसानों का निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर या लोक सेवा केन्द्रों में जाकर अपना एग्रो स्टेट में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए जागरूकता लाने कहा। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख वितरण की कार्रवाई 1 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हांकित तहसीलों के वन भूमि का राजस्व एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त सर्वे कर 15 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। वृक्षारोपण के लिए स्थल का चिन्हांकन करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। नक्शा बटांकन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। किसानों का आधार सीडिंग और मोबाईल नंबर सीडिंग के कार्य को प्राथमिकता के साथ कराने कहा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ तत्काल भेजने के निर्देश दिए। जिससे संबंधित व्यक्ति को समय पर सहायता राशि मिल सके।

धर्म समाचार....

सावन महीने में कब है नाग पंचमी? यहां नोट करें शुभ मुहूर्त

धार्मिक मत है कि नाग पंचमी के दिन शिव परिवार की पूजा करने से साधक पर जीवन में सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। इस शुभ अवसर पर साधक महादेव का जलाभिषेक करते हैं।

सनातन धर्म में सावन का महीना बेहद खास होता है। यह महीना देवों के देव महादेव को पूर्णतया समर्पित माना जाता है। इसके चलते सावन का हर एक दिन विशेष होता है। इस शुभ अवसर पर रोजाना भगवान शिव और मां पार्वती की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। सावन के महीने में कई प्रमुख व्रत-त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें सावन सोमवार, मंगला गौरी व्रत, कामिका एकादशी, सावन शिवरात्रि, हरियाली अमावस्या और तीज, नाग पंचमी, पुत्रदा एकादशी और रक्षा बंधन प्रमुख हैं। इसके साथ

ही कई अन्य व्रत-त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं। आइए, नाग पंचमी की सही डेट, शुभ महत्व और योग जानते हैं-

नाग पंचमी शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 28 जुलाई को देर रात 11 बजकर 24 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 30 जुलाई को देर रात 12 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। इस प्रकार 29 जुलाई को नाग पंचमी मनाई जाएगी।

नाग पंचमी पूजा समय

सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी नाग पंचमी के दिन पूजा हेतु शुभ समय सुबह 05 बजकर 14 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 55 मिनट तक है। साधक इस दौरान देवों के देव महादेव संग नाग देवता की पूजा एवं साधना कर सकते हैं।

नाग पंचमी शुभ योग

ज्योतिषियों की मानें तो सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर शिव योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही रवि योग और शिवबाय योग का संयोग बन रहा है। इस शुभ अवसर पर दिन भगवान शिव कैलाश पर जगत जननी मां पार्वती के साथ रहेंगे। इस दौरान शिव परिवार संग नाग देवता की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही नाग देवता का आशीर्वाद मिलेगा। नाग पंचमी पर बव और बालव करण का निर्माण हो रहा है। इस दिन सर्वप्रथम बव करण का संयोग बनेगा। इसके बाद बालव करण का निर्माण होगा। वहीं, सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर उत्तराफल्गुनी और हस्त नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इन योग में भगवान शिव और नाग देवता की पूजा करने से जातक को उत्तम फल की प्राप्ति होगी।

हरियाली अमावस्या पर महासंयोग! गुरु पुष्य योग से बदल जाएगी किस्मत

हरियाली अमावस्या के दिन देवों के देव महादेव का जलाभिषेक करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही साधक को पृथ्वी लोक पर स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। इस दिन दान करने से साधक को अक्षय और अमोघ फल मिलता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, गुरुवार 24 जुलाई के दिन हरियाली अमावस्या मनाई जाएगी। इससे पहले 23 जुलाई को सावन शिवरात्रि है। हरियाली अमावस्या के दिन भक्जन गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान करते हैं। इसके बाद मां गंगा और महादेव की पूजा करते हैं। अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण एवं पिंडदान भी किया जाता है। ज्योतिषियों की मानें तो हरियाली अमावस्या के दिन दुर्लभ गुरु पुष्य योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में स्नान-ध्यान एवं भगवान शिव की पूजा की जाएगी। भगवान शिव की पूजा करने से सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। आइए, शुभ मुहूर्त और योग जानते हैं-

हरियाली अमावस्या शुभ मुहूर्त - वैदिक पंचांग के अनुसार, 24 जुलाई को देर रात 02 बजकर 27 मिनट सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि का समापन होगा। इसके बाद अमावस्या तिथि की शुरुआत होगी। वहीं, 25 जुलाई को देर रात 12 बजकर 40 मिनट पर हरियाली अमावस्या तिथि का समापन होगा। इस प्रकार 24 जुलाई को सावन या हरियाली अमावस्या मनाई जाएगी।

गुरु पुष्य योग- ज्योतिषियों की मानें तो सावन अमावस्या के दिन दुर्लभ गुरु पुष्य योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग शाम 04 बजकर 43 मिनट से बन रहा है। वहीं, गुरु पुष्य योग का समापन 25 जुलाई को सुबह 05 बजकर 39 मिनट पर हो रहा है। इस योग में जप-तप करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी।

शिववास योग- हरियाली अमावस्या के दिन शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग देर रात 12 बजकर 40 मिनट तक है। इस दौरान देवों के देव महादेव कैलाश पर जगत की देवी मां गौरी के साथ रहेंगे। साधक अपनी सुविधा अनुसार समय पर देवों के देव महादेव की पूजा एवं भक्ति कर सकते हैं। वहीं, हर्षण योग का संयोग सुबह 09 बजकर 51 मिनट तक है। वही, अमृत सिद्धि योग का योग दिन भर है। इन योग में देवों के देव महादेव की पूजा करने से घर में सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी।03

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

शिवनाथ में आई बाढ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित कृषकों एवं नागरिको ने शासन से मांगा मुआवजा

बाढ एवं प्राकृतिक आपदा पीडित नागरिको ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। शिवनाथ नदी में आई बाढ से प्रभावित नगर के कृषकों एवं अतिवृष्टि से प्रभावित नागरिको को मुआवजा देने की मांग को लेकर आज आपदा पीडित नागरिको ने मुआवजा की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में एक दिवसिय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी इस बात से बेहद नाराज थे कि उन्हे पिछले वर्ष का भी मुआवजा नही मिला है और इधर इस वर्ष उन्हे दुसरी बार प्राकृतिक आपदा से हजारो रूप्ए की आर्थिक क्षति का सामना करना पड रहा है।

एक पखवाडे पूर्व शिवनाथ नदी में आई बाढ से नदी किनारे खेती बाडी एवं सब्जी भाजी उगाने वाले सैकडो किसानो का आर्थिक क्षति का सामना करना पडा था। बाढ के दायरे में आने से नगर के सैकडो किसानो की धान का थरहा एवं सब्जी भाजी का फसल पानी में बह गया था। एवं बाढ में वार्ड 12, 13, 14 में असंख्य नागरिको के मकानो में कमर तक पानी भर गया था। ऐसे प्रभावित लोगो को प्रशासन ने मकान खाली करा कर अस्थाई रूप से नगर पंचायत के मंगल भवन एवं टाउन हाल में ठहराया था। आपदा से प्रभावित हुए इन नागरिको ने आज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में मुआवजा की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए मुआवजा की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बाढ प्रभावित एवं अतिवृष्टि से प्रभावित हुए नागरिको को तत्काल मुआवजा देने की मांग की। राजस्व कार्यालय के सामने मुआवजे की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन में नागरिको ने शासन प्रशासन से पखवाडे भर के अंदर मुआवजा देने की मांग रखी। अन्यथा आगे उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। धरना प्रदर्शन में पार्षद विनोद डेहरिया, पार्षद उमा शंकर निषाद, पिन्टू तिवारी, बाबू दूबे, शिवम बाजपेयी, रिनी पारेटी, पूर्व पार्षद उर्मिला पटेल, शंकर निशाद, प्रमोद उलाल, रजिया बेगम, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, पन्ना कुंजाम, भानबाई पटेल, मयाराम कौशिक, अतीक कुरैशी, ऑकार बारसागडे सहित बडी संख्या में बाढ पीडित एवं अति वृष्टि प्रभावित नागरिकजन उपस्थित थे।

पिछले वर्ष का भी नही मिला मुआवजा

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की शिवनाथ नदी में पिछले वर्ष भी भारी बाढ आया था। नदी किनारे निवास करने वाले सौ से भी अधिक नागरिको के मकानो में बाढ का पानी प्रवेश कर गया था। जिससे उनके दैनिक दिनचर्या एवं घर गृहस्थी के सामना पानी में डूबकर खराब हो गए थे। जबकि सैकडो किसानो की फसल तबाह हो गई थी। और उन्हे हजारो रूपए की क्षति का सामना करना पडा था। लेकिन उन्हे पिछले वर्ष का मुआवजा नही मिल पाया है। और इधर दूसरी साल फिर बाढ व अतिवृष्टि से आई आपदा का सामना करना पड रहा है। नगर अध्यक्ष ने शासन प्रशासन से बाढ पीडितो के मामलो में सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए राहत राशि प्रदान करने की मांग की है।

बाढ में इनके मकानो में घुसा पानी

शिवनाथ नदी में आई बाढ से नदी किनारे बसी बस्ती पटेल पारा, लिंक कोर्ट, बाजार पारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 12, 13 व 14 के लगभग 53 मकानो में बाढ का पानी दो फीट से चार फीट तक घुस गया था। प्रशासन को ऐसे प्रभावितो को मकान तत्काल खाली कराना कर कर उन्हे अस्थाई आवास मुहैया करानी पडी थी। जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी नंदकुमार यादव, गुलाब साहू, गोमती निषाद, अनिल निषाद, फूलेष्वर निशाद, सोनव निषाद, सावित्री बाई, फेमिदा बेगम, नरेष पटेल, उर्मिला निशाद, तरूणा मानिकपुरी, उमा निषाद, महाबाई साहू, संगीता साहू, जयकुमारी, भगवती, हेमबाई पटेल, सुनती साहू, आशा पटेल, रूपकुंवर इत्यादि लोगो के मकानो में बाढ का पानी प्रवेश करने से इन्हे क्षति का सामना करना पडा है।

बाढ से खेत व सब्जी कछार डूबा, 47 कृषकों ने मांगा मुआवजा

शिवनाथ नदी में आई बाढ से तीन दिनो तक नदी किनारे स्थित खेत एवं सब्जी भाजी का कछार बाढ में डूबा रहा। इससे उनकी फसल तबाह हो गई । और उन्हे दोबरा बोआई करनी पडी है। नगर के बाढ

प्रभावित 47 से कृषकों ने शासन से मुआवजा की मांग की है। बाढ से जिन्हे क्षति हुई है ऐसे 47 कृशक राजेश कुमार, त्रिवेणी पटेल, दयालू पटेल, कैलाश पटेल, भूखन पटेल, ने शासन से मुआवजा राशि देने की मांग की है।

कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन

बाढ आपदा से पीडित कृषकों एवं अतिवृष्टि से प्रभावित नागरिको ने आज धरना प्रदर्शन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में कलेक्टर के नाम पर तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में नगर अध्यक्ष एवं पीडितो ने शासन एवं जिला प्रशासन से पखवाडे भर के अंदर सर्वे करा कर पीडितजनो कोमुआवजा देने की मांग की है।

ओल्ड पेंशन को लेकर फिर आवाज बुलंद

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छ.ग. सरकार ने अगस्त 2025 से ओल्ड पेंशन बंद करने का निर्णय ले लिया है । पूर्ववर्ती

कांग्रेस सरकार ने छ. ग. अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ और एन.एम.ओ.पी. एस. सघंगठन की मांगा पर छ. ग. राज्य के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल किया था वर्तमान सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को अगस्त 2025 से बंद करने का निर्णय कर दिया हैं जिससे छ. ग. अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ और एन. एम. ओ. पी. एस. से जुडें सभी कर्मचारी संगठन सरकार के इस फैसले के खिलाफ हो गए है आज छ. ग. अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण सघं के प्रान्तीय संयूक्त सचिव अजय कड़व के नेतृत्व में मान. मुख्यमंत्री एंव मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर श्रीमान डॉ. सर्वेश्वर नरेद्र भुरे जी के हाथो सौपा गया। अजय कड़व ने संघठन की ओर से सरकार को अपना निर्णय वापस लेकर पुन: पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने/ रहने की मांग किया है। विदित हो कि छ. ग. सरकार ने अगस्त 2025 से नई नियुक्तियों में हक्कस् और कस् का विकल्प दे रही है जिसमें कर्मचारियो की पेंशन नाममात्र रह जाएगी। संगघठन ने छ. ग. शासन से पुरानी पेंशन योजना (हक्कस्) को लागू रहने देने की मांग कर रही है साथ ही शिक्षक एल.बी. संवर्ग को उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ देने का भी मांग किया गया है। इसी कड़ी में छ.ग. के सभी जिलो मे जिला कलेक्टर के माध्यम से मान. मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन सौंपा जा रहा है। आगे संघठन जमीन पर उतरकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का आगाज करेगी। आज का ज्ञापन सौपने के दौरान सर्व श्री अजय कड़व, छन्नूलाल साहू, प्रफुल्ल झा, जितेन्द्र देवांगन, जितेन्द्र हिरवानी के साथ अन्य कर्मचारीगण शामिल थे।

निगम ने मोहारा वाटर प्लांट का बैठाया भट्टा, फिटकरी नहीं होने से बंद पड़े सभी मोटर

गंदा पानी पी रही शहर की जनता ,डॉ रमन सिंह के विधान सभा क्षेत्र की हालत बुरी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने कहा शहर में जब से भाजपा की जब से सत्ता में आई है ,जनता को बिजली, पानी ?,सड़क , साफ-सफाई सभी के लिए रोना पड़ रहा है। हद तो तब हो गई जब बारिश के दिनों में शहर की जनता के पानी के? लिए तरसना पड़ रहा है। नदी में पानी होने के बावजूद शहर की जनता को मात्र एक टाइम पानी दिया जा रहा है। और दिया भी जा रहा है तो गंदा पानी दिया जा रहा है। नगर निगम नेता प्रति पक्ष श्री पिल्ले ने डॉ रमनसिंह के विधान सभा क्षेत्र की बूरी हालत देखते हुए मोहारा स्थित वाटर वर्क्स प्लांट में अचानक दबिश दी तो पता चला कि वाटर? प्लांट में नाममात्र के लिए भी फिटकरी नहीं है। बगैर फिटकरी के साफकिए पानी जनता को पिलाया जा रहा है। डबल और? तिबल इंजन की सरकार वाली निगम में जनता को परोसें जाने वाले पानी पी कर लोग बीमार हो रहे है।

शहर में इससे पीलिया डायरिया फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

फिटकरी नहीं होने से बंद पड़े सभी पानी मोटर

श्री पिल्ले ने कहा कि दिक्कत की बात यह कि शहर वासियों को पानी सप्लाई नहीं होने की सूचना तक नहीं दी जाती। इससे भी लोगों में निगम के प्रति आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने बताया कि मोहारा फिटकरी नहीं होने से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के सातो मोटरों बंद पड़े हैं। एक मोटर भी जला पड़ा है। जिसे ठीक करवाने के लिए निगम को फुर्सत नहीं। इसका खमियाजा जनता को भूगतना पड़ रहा है। श्री पिल्ले ने कहा कि यदि मोहारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था ठीक नहीं की गई और यहां की स्थिति सुधार कर जल्द ही शहर वासियों को दो टाइम पानी नहीं किया गया तो वे शहर की जनता और कांग्रेसी पार्षदों को साए लेकर निगम के सामने धरना आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

कानून के सामने सब बराबर के कांग्रेस की नाकेबंदी परिवारवाद बचाने की बौखलाहट! सुमीत भाटिया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस द्वारा किए गए नाटकीय प्रदर्शन और नाकेबंदी ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी अब जनसेवा की नहीं केवल व्यक्ति विशेष की पार्टी बनकर रह गई है। भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री सुमीत सिंह भाटिया ने तीखा पलटवार करते हुए कहा ष्ष कानून यदि अपना काम करता है तो कांग्रेस को परेशानी क्यों होती हैष् क्या कांग्रेस पार्टी यह मान चुकी है कि उसके नेताओं और उनके परिजनों पर कानून लागू नहीं होता ष् नाकेबंदी कर सड़कें रोकना जनता को परेशान करना और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को रौंदना कृ

यही कांग्रेस की पहचान बन गई है।ष् उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस का यह प्रदर्शन परिवार बचाओ अभियान से ज्यादा कुछ नहीं है। जब जनता महंगाई भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के मुद्दों पर कांग्रेस से जवाब मांगती थी तब वह मौन थी। आज जब एक व्यक्ति विशेष पर कार्रवाई हुई तो पूरी पार्टी सड़क पर उतर आई कृ यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं लोकतंत्र के लिए भी खतरे की घंटी है। भाजपा का स्पष्ट मत हैरू कानून के सामने सब समान हैं। न कोई परिवार बड़ा है न कोई नाम जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इसका उत्तर भी देगी। भारतीय जनता पार्टी संविधान कानून और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के पक्ष में खड़ी है।

घुपसाल में 6 लाख की लागत से मुक्तिधाम बनेगा , भूमिपूजन किया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम घुपसाल में मुक्ति धाम का भूमि पूजन किया गया। ग्राम घुपसाल (कुमरदा) में 6 लाख रुपए की स्वीकृत नवीन मुक्ति धाम का भूमि पूजन किया गया , इसके पहले ग्राम वासियों को अंतिम संस्कार करने के लिए कोई साधन नहीं होने के कारण खुली जगह में अंतिम संस्कार करना पड़ता था जिससे बारिश में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, इस भूमि पूजन में ग्राम पंचायत के सरपंच नरेश शुक्ला, ग्राम पटेल द्वारिका नायक,

ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू, उपाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष लोमस साहू, डोमेश वर साहू, कोमल साहू गौकरण भूआर्य, बलराम श्रीवास, रोजगार सहायक मुकेश साहू, सचिव भूषण भारद्वाज, पुरण टांडेकर, कैलाश चौधरी, खेलावन साहू, कोटवार गोविन्द सोनवानी अजीत पिथौरा एवं समस्त पंच गण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है

योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 94255554092

राजस्तरीय अस्मिता खेलों इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता में राजनांदगांव के महिला वेट लिफ्टरों ने जुनियर सिनियर चैम्पियनशिप पर कब्जा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। एक दिवसीय अस्मिता खेलों इंडिया महिला भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) स्पर्धा दुर्ग पाटन स्थित झीट (महुदा) गांव में आयोजित भारोत्तोलन प्रतियोगिता के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन के अध्यक्ष एवं दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल जी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस एक दिवसीय महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता के संबंध में जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष श्री अमित आजमानी जी ने बताया कि जय भवानी व्यायाम शाला स्टेडियम समिति में अभ्यासरत् महिला भारोत्तोलन खिलाड़ी केन्द्र सरकार के अस्मिता खेलों इंडिया के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 125 महिला वेट लिफ्टर खिलाड़ी भाग लिये जिसमें रायपुर, दुर्ग, धमतरी, बालोद, कोरबा, जगदलपुर, बलौदा बाजार, भिलाई आदि जिलों से खिलाड़ी भाग लिये जिसमें राजनांदगांव के महिला वेट लिफटरों ने 9 गोल्ड, 11 सिल्वर व दो ब्राउंस मेडल लेकर जुनियर और सिनियर वर्ग में विनर रहे और चैम्पियनशीप पर कब्जा जमाया वहीं सब जुनियर ने उप विजेता रही। आजमानी जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लिये वेट लिफ्टर खिलाड़ी का सितम्बर महिने में कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय अस्मिता खेलों इंडिया महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस राज्य स्तरीय खेलो इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- रूसना फहीन, सोनाली यदु, खुशी रंगारी, मुस्कान यादव और द्वितीय स्थान- रिमझिम मैगी, पंखुड़ी टांग,

महजबीन खान, तानी यादव, तानिया बंजारे, मानसी यादव तृतीय स्थान- जान्हवी साहू, साक्षी राजपूत पांचवे स्थान पर मुस्कान यादव व मुस्कान पटेल रहीं। इस टीम के कोच सोनाली यदु व मैनेजर अशोक श्रीवास रहे। इन सभी खिलाडियों के सफलता व चैम्पियनशीप ट्रॉफी लेने पर जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक डोमन महोबिया, नीलू शर्मा, जीतू मुदलियार, अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित आजमानी, सचिव अशोक श्रीवास, कोषाध्यक्ष बसंत मैगी, जय भवानी व्यायाम शाला के सचिव शेख वसीम, सह सचिव नीरज शुक्ला, संघ के उपाध्यक्ष, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, चोवाराम सोनकर, अंकुश आजमानी, आकाश सोनी, सह सचिव नाहिद अख्तर, नारायण लोहार, तामेश्वर बंजारे, रितेश घरड़े, व्यायाम शाला के कोषाध्यक्ष विवेक रंजन सोनी, व्यायाम शाला के वरिष्ठ सदस्य दाऊद खान, जग्गू ठाकुर, रामा यादव, अजय कुलदीप, नीतित शर्मा, रवि गुप्ता, नोमेन्द्र यादव, सुखराम मेश्राम, गोलू यादव, गौकरण सोनकर, दीपक सोनी, वैभव देवांगन, रविन्द्र सुधाकर, भरत साहू, अरूण गुप्ता आदि सदस्यों ने बधाई प्रेषित किये है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com